# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (01.03.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 01.03.2025, PAGE-06

### पहली मेरिट लिस्ट में 10,885 छात्रों का किया गया था चयन

# पीजी में 6401 दाखिला दूसरी मेरिट तीन मार्च को

**बीआरएबीयू**

**26** हजार छात्रों ने नामांकन के लिए किया है आवेदन

**11** हजार सीटों पर पीजी में कुल विद्यार्थियों का होना है दाखिला

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में चल रही पहली मेरिट लिस्ट का पीजी दाखिला शुक्रवार को समाप्त हो गया। शाम चार बजे तक 6401 छात्रों का नामांकन पोर्टल पर अपडेट हो चुका था। हालांकि, विवि की तरफ कॉलेजों को कहा गया है कि अगर किसी छात्र का नामांकन पोर्टल पर अपडेट होना बाकी रह गया हो तो वह उसे शनिवार को अपडेट कर सकते हैं। शनिवार के बाद छात्र का नामांकन पोर्टल पर अपडेट नहीं होगा।

बीआरएबीयू में पहली मेरिट लिस्ट में 10 हजार 885 छात्रों का चयन किया गया था। पीजी में 11 हजार सीटों पर छात्रों का दाखिला लिया जाना है। अबतक एमए में 4145, एमकॉम में 873 और एमएससी में 1383 दाखिले हुए हैं। पहली मेरिट लिस्ट के बाद तीन मार्च को दूसरी मेरिट लिस्ट निकलेगी। बाकी बची सीटों पर दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी। सूत्रों ने बताया कि दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद विषय बदलने वाले छात्रों का भी दाखिला लिया जायेगा। बीआरएबीयू में पीजी दाखिले में चार वर्षीय बीएड करने वाले छात्रों का भी दाखिला लिया जायेगा। कई छात्र विषय बदलकर दूसरे विषय में जाना चाहते हैं। दूसरी लिस्ट या इसके बाद इनका दाखिला लिया जायेगा।

**सबसे ज्यादा आवेदन इतिहास विषय में:** बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए 26 हजार 297 छात्रों ने आवेदन किया था। सबसे ज्यादा आवेदन इतिहास विषय में आये थे। इतिहास विषय में 3888 छात्रों ने आवेदन किये थे। विज्ञान संकाय में जूलॉजी विषय के लिए सबसे अधिक आवेदन आये थे। जूलॉजी विषय के लिए 2300 छात्रों ने आवेदन किये थे। सबसे कम परसियन, बांग्ला और मार्केटिंग विषयों में आये थे। पीजी के लिए अंतिम आवेदन 25 जनवरी तक लिया गया था।

### मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद सुधार को पहुंचे

पीजी में मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद कई छात्र नाम, जाति और अंक में सुधार को पहुंचे थे। पश्चिम चंपारण के साठी के एक छात्र ने कहा कि वह ओबीसी वर्ग का है, लेकिन आवेदन में उसका नाम सामान्य वर्ग में आ गया है। सामान्य वर्ग में आने पर उसका नाम मेरिट लिस्ट में नहीं आया है। कई अन्य छात्र भी नाम और अंक सुधरवाने के लिए विवि पहुंचे थे। पीजी मेरिट लिस्ट में होमसाइंस में भी छात्रों के नाम जारी कर दिये गये थे। हालांकि, नामांकन समिति की बैठक में तय किया गया कि होमसाइंस में सिर्फ छात्राओं का ही दाखिला होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 01.03.2025, PAGE-06

## बॉटनी विभाग में भी लगी प्रदर्शनी

बीआरएबीयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्रों ने साइंटिफिक चार्ट और मॉडल बनाकर वैज्ञानिक रुझान का प्रदर्शन किया। विभाग की अध्यक्ष डॉ. रंजना कुमारी ने कहा कि भारतीय भौतिक विज्ञानी सीवी रमन की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसी दिन 28 फरवरी 1928 को सीवी रमन ने रमन प्रभाव के खोज की घोषणा की थी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 01.03.2025, PAGE-04

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस. विश्वविद्यालय व कॉलेजों में हुई प्रतियोगिताएं और सेमिनार

# चार्ट व मॉडल में दिखी वैज्ञानिक सोच

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में ‘राष्ट्रीय विज्ञान दिवस’ के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर छात्रों ने साइंटिफिक चार्ट और मॉडल बनाकर वैज्ञानिक रुझान का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न आयामों पर अपनी विचार को रखा. छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विभाग की अध्यक्षा डॉ रंजना कुमारी ने कहा कि भारतीय भौतिक विज्ञानी सीवी रमन की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है. इसी दिन 28 फरवरी 1928 को सीवी रमन ने ‘रमन प्रभाव’ के खोज की घोषणा की थी. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का कार्यक्रम युवा वैज्ञानिकों में विज्ञान में शोध और नवाचार की पहल करता है. इस अवसर पर प्रो पूनम कुमारी, प्रो नीलम, डॉ गौरव पांडे, डॉ कादम्बिनी, डॉ रितिका और डॉ नीति किरण ने अपने विचार प्रस्तुत किये.



विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी.

### स्पीच स्पर्धा और पोस्टर मेकिंग में दिखाया हुनर



राजकीय पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाले महान वैज्ञानिक नोबेल प्राइज से सम्मानित सर सीवी रमन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, और उनके अनुसंधान तथा विज्ञान में नवाचार को लेकर प्रेरणादायक विचार साझा किए गए. कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर ठाकुर संजय कुमार ने किया. इस अवसर पर स्पीच प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया. इस वर्ष के साइंस डे का थीम है - एम्पोवेरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत. स्पीच में संस्कृति शर्मा (इलेक्ट्रिकल) को प्रथम स्थान जबकि हिमांशु कुमार (इलेक्ट्रिकल) को द्वितीय व रंजन कुमार (इलेक्ट्रिकल) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ.

### इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट व फिजिक्स में कार्यक्रम

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के फिजिक्स व इलेक्ट्रॉनिक्स साइंस डिपार्टमेंट की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि राकेश सिंह ने विज्ञान के क्षेत्र में मातृभाषा को बढ़ावा देने की बात कही. उन्होंने कहा कि विचारों की अभिव्यक्ति के लिए सबसे सुगम माध्यम है. शरद मोहन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को धर्मग्रंथों में शामिल तथ्यों से जोड़ते हुए महत्व बताया. कार्यक्रम में पोस्टर प्रजेंटेशन, प्रोजेक्ट और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई. इसमें नवीन, अनामिका, हरिओम रिया, रोजी, अभिषेक, रवि, मुरारी, रघुनाथ, कृष्णनंदन, आरती, हर्षराज व चंदन ने भाग लिया. मौके पर भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो संगीता सिन्हा, इलेक्ट्रॉनिक्स के विभागाध्यक्ष प्रो संजय कुमार, प्रो ललन कुमार झा, प्रो प्रदीप कुमार चौधरी, डॉ पिनाकी लाहा, डॉ अर्चना, डॉ मुकेश, डॉ रविंद्र कुमार उपस्थित थे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:01.03.2025, PAGE-04

# पीजी में तीन मार्च को जारी होगी सेकेंड मेरिट लिस्ट

- पहली मेरिट लिस्ट से नामांकन प्रक्रिया पूरी
- साढ़े छह हजार एडमिशन की रिपोर्ट कर दी गयी है अपलोड

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

पीजी सत्र 2024-26 में पहली मेरिट लिस्ट के आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया पूरी हो गयी.रिकॉर्ड के तहत करीब साढ़े छह हजार सीटों पर एडमिशन की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कर दी गयी है. दो मार्च को विभाग व कॉलेजों में विषयवार रिक्त सीटों की समीक्षा की जायेगी. तीन मार्च को रोस्टर के अनुसार सेकेंड मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी. वहीं पीजी विभाग व कॉलेजों के लिए शनिवार तक एडमिशन की रिपोर्ट अपडेट करने के लिए पोर्टल खुला रहेगा. दूसरी ओर पीजी की क्लास होली के बाद शुरू होगी. हालांकि कई विभागों में अधिकतर सीट भर चुकी है, तो वहां क्लास भी शुरू की जा रही है. कुलपति प्रो डीसी राय ने संबंधित अधिकारियों को हर हाल में 15 मार्च तक पीजी में एडमिशन प्रक्रिया पूरी कर लेने को कहा है. ऐसे में सेकेंड व थर्ड मेरिट लिस्ट के लिए ज्यादा समय नहीं दिया जायेगा. विवि से जो तिथि तय होगी, उसी के अनुसार एडमिशन लेना होगा. अधिकारियों का कहना है कि मेरिट लिस्ट जारी करके कम से कम समय दिया जायेगा. अब समय नहीं बढ़ेगा. पहले 20 फरवरी तक एडमिशन के लिए समय दिया गया था. इस बीच कई कॉलेजों में बिहार बोर्ड की परीक्षा चल रही थी, जिसके कारण 28 फरवरी तक तिथि बढ़ा दी गयी.

## साढ़े 11 हजार सीटों पर होना है एडमिशन

पीजी विभाग से लेकर कॉलेज तक करीब साढ़े 11 हजार सीटों पर पीजी में एडमिशन होना है. विवि की ओर से 10,794 सीटों के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी की गयी थी. सभी विभागाध्यक्ष व संबंधित कॉलेज के प्राचार्यों को कहा गया था कि प्रति दिन एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करते हुए पोर्टल पर भी अपडेट करते रहेंगे. हालांकि इसमें अधिकतर विभागों व कॉलेजों से लापरवाही बरती गयी. बताया जा रहा है कि शनिवार रात तक डेढ़ से दो हजार तक डाटा बढ़ सकता है. इसके बाद ही शेष सीटों के लिए सेकेंड मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी.